**आज का मौसम**
धूप निकलेगी। उमस बढ़ेगी। बारिश भी हो सकती है।

| 38.3° | 29.8° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 24 | सूर्यास्त 07 :00 |

# निजी अस्पताल में बच्चे की मौत, चिकित्सकों पर आरोप

## सामान्य डिलीवरी के बाद भी चली गई नवजात की जान, आशा कार्यकर्ता पर भी कार्रवाई की मांग

**जानलेवा लापरवाही**

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** कोतवाली अंतर्गत सोनेपुर स्थित एक निजी अस्पताल में जन्म के कुछ घंटों बाद नवजात की मौत हो गई। इस पर परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाया। परिजनों का यह भी कहना था कि आशा कार्यकर्ता ने ही गर्भवती को निजी अस्पताल ले जाने का दबाव बनाया था।

मानिकपुर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत नयापुरवा के मजरे नौबस्ता निवासी सत्यनारायण पटेल ने बताया कि वह अपनी गर्भवती बेटी कुसुम पत्नी दीपू निवासी खैरबना (रीवा मप्र) को लेकर बुधवार सुबह लगभग दस बजे जिला अस्पताल आया था।

वहां मौजूद कुछ लोगों ने उससे कहा कि यहां इलाज अच्छा नहीं होगा, तुम इसे लेकर किसी निजी अस्पताल में चले जाओ। सत्यनारायण का आरोप है कि इसके बाद गांव की आशा कार्यकर्ता ने भी ऐसी ही बात कही। कुछ देर बाद सोनेपुर रोड स्थित निजी अस्पताल से आया एक व्यक्ति उनको लेकर वहां चला गया।

**अल्ट्रासाउंड भी कराया गया:** सत्यनारायण के मुताबिक, जीवनरेखा अस्पताल जाने पर उससे 25-30 हजार रुपये का खर्चा बताया गया और साढ़े पांच हजार रुपये जमा करा लिए गए। इसके बाद अस्पताल के ही एक व्यक्ति के साथ उसकी बेटी को अल्ट्रासाउंड कराने के लिए भेजा गया। बताया कि इसके बाद दोपहर में उसकी बेटी ने पुत्र को जन्म दिया।

**सूचना पर पहुंची पुलिस और अधिकारी:** बताया जाता है कि निजी अस्पताल के लोग प्रसूता को यह कहकर नहीं जाने दे रहे थे कि पहले पूरे पैसे जमा करो। इस दौरान किसी ने स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों और पुलिस को सूचना दे दी।


निजी अस्पताल में मायूस बैठे नवजात के नाना-नानी। अमृत विचार



वह अस्पताल, जहां का मामला है। अमृत विचार

- कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सोनेपुर स्थित एक निजी अस्पताल का मामला
- स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से फलफूल रहा अवैध धंधा

### तो एक रैकेट है ऐसे मामलों में सक्रिय

■ चर्चा है कि जिले में एक रैकेट सक्रिय है, जो निजी अस्पतालों में डिलीवरी कराता है। जिस तरह से आरोप है कि आशा कार्यकर्ता ने निजी अस्पताल में ले जाने पर जोर दिया, निजी अस्पताल से ही गर्भवती को अल्ट्रासाउंड के लिए ले जाया गया, इससे भी इस तरह की चर्चाओं को बल मिलता है। डा. रतमेले ने बताया कि इस बिंदु पर भी जांच की जा रही है। अगर आशा की गलती पाई जाएगी तो उस पर भी सख्त कार्रवाई होगी।

### स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली की एक और नजीर

■ तीन दिन के अंदर जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली बताती यह दूसरी खबर है। सोमवार की रात मानिकपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत चुरेह केसरूआ के मजरा सुवरगढा निवासी गोरेलाल कोल के पांच साल के बेटे अर्पित की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मौत हो गई थी। बच्चे के परिजनों का आरोप था कि पेट में दर्द होने पर वे लोग उसे लेकर अस्पताल आए थे, जहां इलाज में लापरवाही से उसकी मौत हो गई। और अब बुधवार को एक निजी अस्पताल में नवजात की मौत हो गई।

### फिर भेज दिया जिला अस्पताल

■ सत्यनारायण ने बताया कि इसके बाद प्रसूता को तो निजी अस्पताल में रखा गया, जबकि नवजात को उसकी बेटी और बहू से जिला अस्पताल भेज दिया गया। जब वे लोग बच्चे को लेकर जिला अस्पताल पहुंची तो वहां के स्टाफ ने कहा कि जब बच्चे की मां वहां है तो बच्चा यहां क्यों लाए हो। काफी जोर देने पर वे लोग बच्चे को लेकर फिर निजी अस्पताल पहुंच गए। यहां कुछ देर के बाद बच्चे की मौत हो गई। उसने यह भी बताया कि वह अपनी गर्भवती बेटी को लेकर निजी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचा था।

### जांच के बाद की जाएगी कार्रवाई: डॉ. रतमेले

जांच को पहुंचे उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. जीआर रतमेले ने बताया कि जीवनरेखा अस्पताल से जिला अस्पताल में बच्चे को इसलिए भेजा गया था क्योंकि इसकी हालत गंभीर थी। बच्चे की नार्मल डिलीवरी हुई है। हालांकि उसके साथ स्वास्थ्य संबंधी कई दिक्कतें थीं। बताया कि उनकी चिकित्सकों से बात हुई है, जिन्होंने बताया कि कोशिश के बाद भी बच्चे को नहीं बचाया जा सका। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। जो भी दोषी पाया जाएगा, कार्रवाई होगी।


डॉ. जीआर रतमेले।

### जिले में खुली हैं दुकानें : मीरा

जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती ने आरोप लगाया कि जिले में अस्पताल के नाम पर दुकानें खुली हुई हैं। इनके दलाल घूमते रहते हैं। आरोप लगाया कि जीवनरेखा अस्पताल में, जहां बच्चे की मौत हुई है, सुविधाएं नहीं हैं। आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से यह धंधा फलफूल रहा है। यह देखने वाली बात होगी कि इस अस्पताल पर कार्रवाई होती है कि नहीं या ये दुकानें ऐसी ही चलती रहेंगी।


मीरा भारती।

## शिकायतों के निस्तारण में चित्रकूट अव्वल

**चित्रकूट।** जनसुनवाई पोर्टल पर जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण में जून में चित्रकूट पुलिस को प्रदेश में अव्वल स्थान मिला है। इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने सभी अधीनस्थों की सराहना की है।


एसपी अरुण कुमार सिंह।

मिली जानकारी के अनुसार, जून में मुख्यमंत्री संदर्भ, जिलाधिकारी/जनसेवा संपूर्ण समाधान दिवस/थाना दिवस में जनपद पुलिस द्वारा सभी मामलों का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया। एसपी ने आईजीआरएस शाखा में नियुक्त आरक्षी मानवेंद्र सिंह एवं आरक्षी अनीशा बानो, आरक्षी मीरा यादव व पोर्टल का कार्य देख रहे अन्य पुलिसकर्मियों की सराहना की कि इन्होंने कड़ी मेहनत कर सभी मामलों की ऑनलाइन फीडिंग की और निस्तारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे जनपद चित्रकूट को जनसुनवाई के मामलों में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। बताया कि सभी संदर्भों की ऑनलाईन फीडिंग एवं प्राप्त संदर्भों के निस्तारण में जनपद चित्रकूट के सभी 12 थानों में से 10 थानों को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। असंतुष्ट फीडबैक का प्रतिशत 0.23 फीसदी है।

## एक नजर

### एलईडी वैन से गैर संचारी रोगों के प्रति किया जागरूक

**चित्रकूट।** ममता हेल्थ इंस्टी. ऑफ मदर एंड चाइल्ड ने ब्लॉक मानिकपुर और पहाड़ी के गांवों में लोगों को जागरूक किया। जिला समन्वयक राजीव कुमार ने बताया कि लोगो को गैर संचारी रोगों कैंसर, उच्च रक्तचाप, मधुमेह व मानसिक रोग के बारे में बताना है।

### जुआ खेलते चार गिरफ्तार

**सरैंया (चित्रकूट)।** चौकी प्रभारी सरैंया ने मंगलवार की रात बिलौंहापुरवा के पास से जुआ खेलने के आरोप में महेश प्रसाद, लवकुश मिश्रा निवासीगण बिलौंहापुरवा, जाबिर खान व बरकत अली निवासीगण मुस्लिमपुरवा को गिरफ्तार किया। मालफड़ से 3460 रुपये तथा जामातलाशी से 1440 रुपये, तीन मोबाइल, तीन बाइक बरामद हुईं। वाहनों को एमवी एक्ट में सीज किया गया। आरोपियों पर थाने में जुआ अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई।

### तमंचा बरामद, आरोपी दबोचा

**चित्रकूट।** एसआई मेवालाल मौर्य चौकी सीतापुर ने भुक्कू उर्फ भिक्कू पुत्र नत्थू निवासी मलकाना डिलौरा को तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज की गई।


बैंकों के कामों की समीक्षा करते जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन। अमृत विचार

# शत-प्रतिशत वसूली कर लाएं एनपीए में प्रगति:जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- जिला सलाहकार समिति की बैठक में कार्यों की समीक्षा की

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नान परफार्मिंग एसेट (एनपीए) में गिरावट के मद्देनजर इसमें प्रगति लाएं। बुधवार को जिला स्तरीय सलाहकार समिति एवं डीएलआरसी की बैठक में डीएम ने कामों की समीक्षा की।

बैठक में जिलाधिकारी ने जमा अनुपात के संबंध में 2024 की कार्ययोजना बनाने व लक्ष्य 2025 तक पूरा करने के निर्देश दिए। डीएम ने किसान क्रेडिट कार्ड के बारे में जानकारी लेकर उप कृषि निदेशक राजकुमार को इसमें प्रगति कराने को कहा।

उन्होंने कृषि उन्नति एव प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के संबंध में सभी बैंकों को प्रगति कराने, मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना के प्रस्तावों का समय से निस्तारण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी बैंकों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि फसल बीमा योजना में रबी की फसलों का अधिकाधिक बीमा 31 जुलाई तक कराएं। आरसेटी के विभिन्न बिंदुओं पर भी चर्चा की गई।

इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा, डीडी नाबार्ड संदीप कुमार, जीएमडीआईसी एसके केशरवानी, जिला खादी ग्राम उद्योग अधिकारी राजेंद्र प्रसाद व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# विवेचनाओं के निस्तारण में दिक्कत आए तो मुझे बताएं

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- एसपी ने बैठक में पुलिसकर्मियों को दिया भरोसा

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने अधीनस्थों से कहा कि अगर विवेचनाओं के निस्तारण में किसी तरह की परेशानी महसूस करें तो उनको बताएं। एसपी ने बीते दिन बैठक की।

एसपी ने इस दौरान हिस्ट्रीशीट खोलने-बंद करने, सरकारी विभागों द्वारा किसानों की भूमि पर कब्जा आदि के संबंध में दिशानिर्देश दिए। एसपी ने कहा कि जो भी विवेचनाएं लंबित हैं, उनका तत्काल निस्तारण किया जाए। चोरी की घटनाओं का खुलासा करने में एसओजी व सर्विलांस सेल की मदद लेने की सलाह दी। प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन दिनेश त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय, नगर राजकमल, मऊ जय करन सिंह, प्रभारी प्रधान लिपिक अनिल मोहन मौजूद रहे।

# सात माह के बच्चे को छोड़ फंदे पर लटकी विवाहिता

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट


आरती।

■ मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप, फिलहाल तहरीर नहीं दी गई

**अमृत विचार।** एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ससुराली पक्ष ने जहां फांसी लगाकर जान देने की बात कही है, वहीं मायके वालों ने हत्या की आशंका जताई है। हालांकि फिलहाल कोई तहरीर नहीं दी है। उधर, पुलिस का कहना है कि प्रथमदृष्टया आत्महत्या का मामला लग रहा है।

भरतकूप थानांतर्गत इटखरी गांव निवासी आरती यादव (22) पत्नी विकास का शव मंगलवार रात घर में फंदे से लटका मिला। घरवालों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरती के मायके वालों ने हत्या की आशंका जताई है।

पिता कैलाश ने आरोप लगाया कि दामाद विकास शराब पीकर बेटी को मारता-पीटता था। बेटी ने कई बार घर में भी बताया लेकिन सबने सोचा कि हर घर में ये सब होता रहता है।

कल सूचना दी गई कि आरती ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली तो हाथ पैर फूल गए। भाई चंद्रप्रकाश ने बताया कि जब रात में वे लोग बहन के गांव पहुंचे तो घर में ताला बंद मिला। जब ससुराल वालों को फोन लगाया तो उन्होंने कहा कि वे भरतकूप थाने में हैं। जब थाने पहुंचे तो वे वहां भी नहीं मिले। रात भर भटकते रहे। आशंका जताई कि जिस तरह यह हमें सही सूचना नहीं दे रहे और घर से भाग रहे हैं, ऐसे में लगता है कि बहन ने आत्महत्या नहीं की बल्कि उसकी हत्या की गई है।

आरती की शादी दो साल पहले हुई थी और उसके सात माह का बेटा भी है। उधर, भरतकूप थाना प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। प्रथमदृष्टया आत्महत्या का मामला लग रहा है। फिलहाल किसी ने तहरीर नहीं दी है।

# प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसो. के जिला मंत्री तोषेंद्र सिंह ने बताया कि बुधवार को प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा गया। इसमें चार श्रम संहिताओं को निरस्त करने, बिक्री संवर्धन कर्मचारी अधि. 1976 सहित मौजूदा श्रम कानूनों को जारी रखने, सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों की निश्चित अवधि रोजगार पर नियुक्ति की अनुमति न देने, सभी सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों को समय पर वेतन का पूरा भुगतान करने, दवा क्षेत्र में कारपोरेट भ्रष्टाचार को रोकने के लिए दंड के प्रावधान आदि मांगें शामिल हैं। तोषेंद्र सिंह, लवलेश पांडेय, आशीष पांडेय, बृजेश सोनी, अक्षय यादव आदि मौजूद रहे।

# विवादों में रहे शाखा प्रबंधक, उप प्रबंधक का आखिरकार हो गया स्थानांतरण

**खबर का असर**

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** आखिरकार विवादों में रहे आर्यावर्त बैंक की नांदी शाखा के प्रबंधक और उप प्रबंधक का स्थानांतरण हो गया। 'अमृत विचार' ने इस संबंध में प्रमुखता से समाचार का प्रकाशन किया था। इसके बाद उच्चाधिकारियों ने यहां की अव्यवस्थाओं का संज्ञान लिया।

गौरतलब है कि आर्यावर्त बैंक की नांदी शाखा में उपभोक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार और अनदेखी के आरोप लगते रहे हैं। पांच जुलाई को 'अमृत विचार' ने बैंक में एक उपभोक्ता के साथ किए गए व्यवहार का जिक्र करते हुए, पूछा, कब आऊं तो भड़क गए असिस्टेंट ब्रांच मैनेजर, शीर्षक से समाचार भी प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसमें खाताधारक बलराम पुत्र मूलचंद निवासी नांदी ने अपने साथ मारपीट और अभद्रता की बात कही थी।


पूछा, कब आऊं तो भड़क गए असिस्टेंट ब्रांच मैनेजर
संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)
'अमृत विचार' में प्रकाशित समाचार।

क्षेत्रीय प्रबंधक पीयूष यादव ने अब जांच में घटना सही पाए जाने पर शाखा प्रबंधक आशीष पटेल व उप शाखा प्रबंधक रुद्र शेखर को तत्काल प्रभाव से आर्यावर्त बैंक शाखा नांदी से विकास खंड मानिकपुर के गांवों की शाखाओं में स्थानांतरित कर दिया है। दूसरी शाखा से दोनों पदों पर नवीन तैनाती कर दी गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि खाताधारकों से अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं खाताधारक बलराम सहित अन्य ग्रामीणों ने ग्रामीणों की बात प्रमुखता से रखने पर 'अमृत विचार' की सराहना की।

## सार-संक्षेप



बीएसए बीके शर्मा से मुलाकात करते समाजसेवी। अमृत विचार

### समाजसेवियों ने बीएसए से की मुलाकात

**चित्रकूट।** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा से बुधवार को समाजसेवियों ने मुलाकात की। सेवा भारती के जिला महामंत्री राजकिशोर शिवहरे, मीडिया प्रभारी शंकर यादव, समाजसेवी बीपी पटेल आदि ने गुलदस्ता भेंट कर नए बीएसए को बधाई दी और जिले की शैक्षिक व्यवस्था पर चर्चा की। बीएसए ने बताया कि वह शासन की मंशानुरूप बेसिक शिक्षा में गुणात्मक सुधार करने की दिशा में मुस्तैदी के साथ जुटेंगे। समय से शिक्षक स्कूल पहुंचें और पूरे समय विद्यालय में रहकर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें और निर्धारित समय तक विद्यालय में रहें। शिक्षकों की समस्याओं पर भी उनका पूरा ध्यान रहेगा। उनके कार्यालय पर किसी भी शिक्षक के कोई भी प्रकरण लंबित नहीं रहेंगे। बताया कि प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिए हैं कि एक माह के अंदर कार्यों को दुरुस्त कर लें।

### दिव्यांग बच्चों के लिए हर ब्लाक में लगेंगे शिविर

**चित्रकूट।** विशिष्ट आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों को प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने के लिए इस साल 10 शिविर लगेंगे। यह जानकारी बीएसए बीके शर्मा ने दी।

बीएसए ने बताया कि मऊ ब्लाक के दिव्यांग बच्चों के लिए 12 जुलाई को उच्च प्राथमिक विद्यालय बरगढ़, 16 जुलाई को तहसील सभागार मऊ में शिविर लगाया जाएगा। रामनगर ब्लाक के बच्चों के लिए 18 जुलाई को कंपोजिट विद्यालय राजापुर एवं 19 जुलाई को बीआरसी रामनगर में, पहाड़ी ब्लाक के बच्चों के लिए 23 जुलाई को सरधुवा इंटर कालेज पहाड़ी एवं 25 जुलाई को बीआरसी पहाड़ी में शिविर लगेगा। इसी क्रम में मानिकपुर ब्लाक के बच्चों के लिए 27 जुलाई को कंपोजिट विद्यालय मारकुंडी एवं 30 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर में शिविर लगाया जाएगा। चित्रकूट ब्लाक के बच्चों के लिए दो अगस्त को उच्च प्राथमिक विद्यालय भरतकूप तथा छह जुलाई को यूईआरसी कर्वी में मेडिकल एसेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। बीएसए ने अभिभावकों से अपील की कि ज्यादा से ज्यादा बच्चों को कैंप में लाएं, जिससे कोई भी दिव्यांग बच्चा प्रमाणपत्र से वंचित न रहे।

### आबकारी विभाग के लिपिक को दी भावभीनी विदाई

**चित्रकूट।** आबकारी विभाग के कनिष्ठ लिपिक सचिन गिरि का स्थानांतरण होने पर सहायक आबकारी आयुक्त अखिलेंद्र बहादुर सिंह, आबकारी निरीक्षक प्रफुल्ल सिंह, केके मिश्रा, नीरज कुमार वर्मा, रवि गुप्ता व आबकारी ठेकेदारों ने भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर सुनील पटेल, सोनू अवस्थी, ऋषि श्रीवास्तव, बबलू व अन्य लोग मौजूद रहे।


लिपिक को विदाई देते सहकर्मी। अमृत विचार

**अनदेखी** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रोजेक्ट अलंकार योजना में शामिल नहीं

# टीन शेड और जर्जर कमरों में पढ़ाई करने को मजबूर हैं बेटियां

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** शासकीय जर्जर भवनों की मरम्मत के लिए प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अंतर्गत तहसील क्षेत्र के जर्जर भवन भी चिह्नित किए जा रहे हैं। इसके लिए राजस्व विभाग व शिक्षा विभाग की टीमें सर्वे भी कर रही हैं। पर इकलौते राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। बालिकाओं की पढ़ाई के लिए बड़ी-बड़ी बातें करने वाले अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी इस मुद्दे पर मौन हैं।

बताते चलें कि तुलसी जन्मस्थली राजापुर में लगभग एक सदी से जिला पंचायत के जर्जर भवन में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज संचालित हो रहा है। छात्राओं के सामने टीन शेड, जर्जर बरामदे व कमरों में बैठकर पढ़ाई करने को मजबूरी है। दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। जिला पंचायत के जर्जर भवन में लगभग एक हजार छात्राएं जोखिम उठाकर पढ़ाई कर रही हैं। उमस भरी गर्मी व बरसात हो या कोई और मौसम, टीनशेड ही इनका आसरा है। बिना पंखे के बच्चियों के बीमार होने का भी खतरा बना हुआ है। लोगों का कहना है कि प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत ही विद्यालय को ले लिया जाए तो बेटियों को पढ़ने के लिए एक भवन तो मिल जाएगा।

**गुणवत्ताविहीन बना नया भवन :** बताया जाता है कि 2008-2009 में तत्कालीन सरकार ने नया विद्यालय भवन बनवाने के लिए 98 लाख रुपये का बजट दिया था लेकिन ठेकेदार ने अर्धनिर्मित गुणवत्ता विहीन भवन बनवाया और गायब हो गया। तब से अर्धनिर्मित भवन सफेद हाथी की तरह खड़ा है। तब से लेकर अब तक लगभग सोलह साल हो गए न तो इस भवन को पूरा बनाया गया और न ठेकेदार आदि की जांच हुई। बताते हैं कि ठेकेदार को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है।


अशोक सोनकर।


समीर विश्वकर्मा।


अमित मिश्रा।


शंकर दयाल।


अर्द्धनिर्मित पड़ा मानकविहीन भवन। अमृत विचार


टीन शेड के नीचे बैठकर पढ़ती छात्राएं। अमृत विचार

### लगते रहे बंटरबांट के आरोप, हुआ कुछ नहीं

एसडीएम कॉलोनी के बगल में बन रहे जीजीआईसी के नए भवन को अगर ठीक से बनवा दिया जाए तो यह समस्या दूर हो सकती है। भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अमित मिश्रा, समाजसेवी समीर विश्वकर्मा, सुनील मिश्रा, पूर्व सभासद अशोक सोनकर, सभासद शंकरदयाल जायसवाल आदि ने बताया कि पूर्व में कई शिकायती पत्रों के माध्यम से जिला विद्यालय निरीक्षक व जिलाधिकारी को ठेकेदार की अनियमितता की जांच कराने का अनुरोध किया गया। 98 लाख रुपये के कथित बंदरबांट की जानकारी दी गई पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# विधायक की फाइल लटकाने वाले एसडीएम हटाए गए

- सत्यप्रकाश को नरैनी तहसील की कमान, गर्म रहा चर्चाओं का बाजार

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** इलाहाबाद-झांसी शिक्षक खंड से विधान परिषद सदस्य की फाइल को लंबित रखना आखिरकार एसडीएम नरैनी विकास यादव को महंगा पड़ गया। डीएम ने उन्हें तत्काल हटाकर मुख्यालय में डिप्टी कलेक्टर बना दिया है और उनके स्थान पर डिप्टी कलेक्टर सत्यप्रकाश को नरैनी तहसील की कमान सौंप दी है। एसडीएम नरैनी के हटाए जाने को लेकर जिले में चर्चाओं का बाजार गरम रहा।

डीएम नगेंद्र प्रताप ने एसडीएम नरैनी विकास यादव को तत्काल प्रभाव से हटाते हुए डिप्टी कलेक्टर मुख्यालय के पद पर तैनात कर दिया है। वहीं मुख्यालय में डिप्टी कलेक्टर रहे सत्यप्रकाश को नरैनी तहसील का उप जिलाधिकारी बनाया है। वैसे जिलाधिकारी ने तबादलों का कारण जनहित व कार्यहित को बताया है, लेकिन एसडीएम नरैनी के तबादले को शिक्षक एमएलसी डा.बाबूलाल तिवारी के लॉ कालेज की भूमि संबंधी फाइल लटकाने के मामले से जोड़कर देखा जा रहा है।

दो दिन पहले ही शिक्षक एमएलसी डा.तिवारी ने नरैनी तहसील पहुंचकर हंगामा काटा था और एसडीएम समेत तहसील के सभी अधिकारियों कर्मचारियों पर रिश्वतखोरी और अवैध खनन में संलिप्त रहने का गंभीर आरोप लगाया था। बताया था कि गिरवां कस्बा स्थित उनके डा.बीआर अंबेडकर विधि महाविद्यालय की भूमि को कृषि भूमि से अकृषक करने को लेकर फाइल चार साल से तहसील स्तर पर लंबित है। जिसे कोई न कोई कमी बताकर टाला जा रहा था। बताते हैं कि उन्होंने इस मामले को लेकर मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की समीक्षा बैठक में भी उठाया, जिसके बाद जिलाधिकारी ने एसडीएम नरैनी का तत्काल तबादला कर दिया है।

### नवनियुक्त एसडीएम सत्यप्रकाश ने संभाला चार्ज

नरैनी तहसील में नवनियुक्त एसडीएम सत्य प्रकाश ने आज कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वह इस तहसील में 7 जुलाई 2022 से 12 अप्रैल 2023 तक तहसीलदार के पद पर कार्य कर चुके हैं। यहां से उन्हें पदोन्नति करके एसडीएम पद पर भेजा गया था। उन्होंने कुछ दिन तक न्यायिक मजिस्ट्रेट के पद पर कार्य किया और बाद में डिप्टी कलेक्टर पद पर बांदा में तैनात रहे। उन्होंने कहा मैंने नायब तहसीलदार पद से कार्य प्रारंभ किया था आज वह इस स्तर पर पहुंच गए यह पता भी नहीं चला। यह सब मेरी कार्य प्रगति की पहचान है। आम जनमानस को न्याय दिलाना मेरी प्राथमिकता होगी।

# 146 नवनियुक्त लेखपालों को मिले नियुक्तिपत्र, खिले चेहरे

कार्यालय संवाददाता,बांदा


नवनियुक्त लेखपालों को नियुक्ति पत्र देते आयुक्त, डीएम व विधायक। अमृत विचार

- कलेक्ट्रेट में सदर विधायक आयुक्त व जिलाधिकारी ने दिए नियुक्तिपत्र
- नवनियुक्त लेखपालों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ का जताया आभार

**अमृत विचार।** लेखपाल भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी होने के बाद जनपद को 146 नए लेखपाल मिले हैं। सभी को कलेक्ट्रेट में सदर विधायक, आयुक्त व डीएम ने नियुक्ति पत्र वितरित किए। नियुक्ति पत्र पाकर लेखपालों के चेहरे खुशी से खिल उठे। नवनियुक्त लेखपालों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। नियुक्त पत्र पाने वाले नवनियुक्त लेखपालों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित हुई भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत 7,720 लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में लोक भवन लखनऊ में हुआ। कलक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागा में लखनऊ में मुख्यमंत्री के आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी और डीएम नगेंद्र प्रताप ने जिले के लिए आवंटित 146 नवचयनित लेखपालों को नियुक्ति पत्र सौंपे। नियुक्त पत्र पाने वालों में सचिन तिवारी, रामेंद्र प्रताप सिंह, राजेश शर्मा, विवेक सिंह, प्रभात कुमार, हिमांशु व अन्य नवनियुक्त लेखपाल शामिल रहे। सदर विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पारदर्शी तरीके से लेखपालों की नियुक्ति की है। यह नियुक्ति मिशन रोजगार के अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा की गई है। उन्होंने कहा कि लेखपाल बिना किसी भेदभाव के अपने कर्तव्यों व दायित्वों का निर्वहन करें। उम्मीद जताई कि नवनियुक्त लेखपाल उदाहरण बनकर समाज के सामने अपनी अच्छी छवि प्रस्तुत करेंगे और लोगों के विश्वास पर खरा उतरेंगे। आयुक्त ने नवनियुक्त लेखपालों को अपने कार्यों को पूरी ईमानदारी के साथ करने की नसीहत दी। डीएम ने कहा कि राजस्व के कार्यों निपटाने में लेखपालों की भूमिका अहम होती है। नवनियुक्त लेखपाल अपने कर्तव्यों का बेहतर रूप से निर्वहन करते हुए जनपद का नाम रोशन करें। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल, बड़ोखर खुर्द ब्लाक प्रमुख स्वर्ण कुमार सोनू, राजकुमार राज, सीडीओ वेद प्रकाश मौर्य, एडीएम राजेश कुमार, एडीएम (न्यायिक) अमिताभ यादव समेत उप जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

### जिले में 112 लेखपालों के पद अभी भी खाली

कलक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में समारोह के बीच 146 नवनियुक्त लेखपालों को नियुक्त पत्र सौंपे जाने के बाद भी पूरे जिले में 112 लेखपालों के पद रिक्त पड़े हैं। पूरे जिले में 414 लेखपालों पदों के सापेक्ष चार तहसीलों में 156 लेखपाल तैनात हैं। नियुक्ति पत्र मिलने के बाद लेखपालों की संख्या 302 हो गई। जिले की बांदा सदर, पैलानी, नरैनी, अतर्रा तहसीलों में अभी भी लेखपालों के 112 पद खाली पड़े हैं।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो दोस्तों की जान गई

## जन्मदिन समारोह से लौटते समय हुआ हादसा, चालक वाहन समेत मौके से भाग निकला

संवाददाता, पैलानी

- बाइक सवार दोनों दोस्त नहीं लगाए थे हेलमेट
- एक के पिता सूरत में मेहनत मजदूरी करते हैं

**अमृत विचार।** दोस्त के जन्मदिन की पार्टी से वापस लौटते समय तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइकसवारों को टक्कर मार दी। घटना में दोनों युवकों की मौत हो गई।

पैलानी थाना के निवाइच गांव निवासी शिवा (18) पुत्र महावीर प्रसाद द्विवेदी मंगलवार की रात घर से अपने मामा रजनीकांत के घर गोखरही जाने को कह कर निकला था। इसके बाद वह अपने दोस्त अर्जुन उर्फ गोलू सिंह चंदेल (18) पुत्र रमेश निवासी पिपरहरी के साथ बाइक पर किसी अन्य दोस्त के जन्मदिन पार्टी में बिछवाही गांव चले गए। जहां से देर रात वापस घर लौटते समय पपरेंदा-तिंदवारी मार्ग के बछेउरा मोड़ पर उन्हें अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में शिवा की मौके पर मौत हो गई। जबकि उसका साथी गोलू गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे रोड पर तड़पते देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों को एंबुलेंस के माध्यम से पीएचसी तिंदवारी पहुंचाया। जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गोलू को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। जब परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे तो चिकित्सकों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया।

थानाध्यक्ष तिंदवारी राधाकृष्ण तिवारी ने बताया कि दुर्घटना करने वाले वाहन व उसके चालक की तलाश की जा रही है। मृतक शिवा के पारिवारिक चाचा पवन द्विवेदी ने बताया कि उसके पिता महावीर द्विवेदी उर्फ रज्जन सूरत में रहकर मेहनत मजदूरी करते हैं। घटना के बाद उन्हें रात में ही फोन पर सूचना दे दी गई है। पिता के आने पर गुरुवार सुबह उसका गांव में अंतिम संस्कार किया जाएगा। वहीं गोलू का पिपरहरी में अंतिम संस्कार कराया गया है। बताते हैं कि शिवा और गोलू के बीच गहरी दोस्ती थी और दोनों अक्सर एक दूसरे के साथ ही देखे जाते थे।


बबेरू सीएचसी में घायलों से पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

### पिकअप की टक्कर से 6 घायल

**बबेरू बांदा।** कोतवाली क्षेत्र के विनवठ गांव के पास सीएनजी व पिकप की टक्कर हो जाने से सीएनजी में सवार 6 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। कोतवाली क्षेत्र के पवैया गांव निवासी संतशरण पुत्र शिव प्रसाद, संदीप पुत्र मातादीन, रोहित पुत्र सन्तोष, राकेश पुत्र सुक्कू, चुना पुत्र भोला, प्रियांशु पुत्र अरविन्द बबेरू से बारात में वाहन से परसौली गांव जा रहे थे, तभी विनवठ गांव के पास सामने से आ रहे पिकप से टक्कर हो गयी। एसएसआई कौशल किशोर ने राहगीरों की मदद से सभी को सीएचसी में भर्ती कराया। डाक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद संतशरण, राकेश, चुन्ना को गम्भीर हालात पर जिला अस्पातल रेफर कर दिया ।

## दिव्यांगों का पंजीकरण शिविर आज

**बांदा।** दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा अलग अलग तिथियों में जनपद के प्रत्येक ब्लॉक में कैंप लगाकर दिव्यांगों को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण दिलाने के लिए पंजीकरण किया जायेगा। जिलाधिकारी ने सभी विकास खंड अधिकारियों को ब्लॉक सभागार आरक्षित रखते हुए लाभार्थियों के बैठाने की समुचित व्यवस्था कराने के लिए पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं। नरैनी ब्लॉक सभागार में 11 जून को कैंप लगाया जायेगा। पत्र में बताया गया है कि प्रत्येक कैंप में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा गठित विशेषज्ञों की टीम के माध्यम से दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल, बैसाखी, व्हील चेयर,कान की मशीन, नेत्रहीन छड़ी एवं करेक्टिव सर्जरी के लिए लाभार्थियों का चिह्नांकन किया जायेगा। उक्त तिथि को दिव्यांगजनों को अपनी एक फोटो, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (अनु जाति और अनु जनजातियों को अनिवार्य) और आधार कार्ड की छायाप्रति लेकर अपना पंजीकरण कराने जाना है। जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को ग्राम प्रधानों व सचिवों के माध्यम से कैंप के प्रचार प्रसार के निर्देश दिए हैं।



जागरूकता कार्यक्रम में शामिल छात्र तथा यातायात नियमों का पाठ पढ़ाते सीओ ट्रैफिक गवेंद्र पाल गौतम। अमृत विचार

# नाबालिगों को वाहन चलाने से रोकने को चलाया अभियान

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- सीओ यातायात ने आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज में छात्रों को पढ़ाया कानून का पाठ

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के आदेश पर अमल करते हुए नाबालिगों को वाहन चलाने से रोकने के लिए पुलिस महकमा विशेष जागरूकता अभियान चला रहा है। स्कूलों-कालेजों में ट्रैफिक पुलिस के अफसर छात्र-छात्राओं को जहां यातायात नियमों का पाठ पढ़ा रहे हैं, वहीं नाबालिगों के वाहन चलाने पर होने वाली कानूनी कार्रवाई से अवगत करा रहे हैं।

बुधवार को शहर के आदर्श बजरंग इंटर कालेज में उत्तर प्रदेश यातायात निदेशालय और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्षेत्राधिकारी यातायात गवेंद्र पाल गौतम ने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के वाहन चलाने को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। वाहन चलाते पकड़े जाने पर नाबालिग के अभिभावकों पर सख्त कार्रवाई का प्रावधान है। मोटर वाहन अधिनियम के तहत अभिभावक या वाहन स्वामी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 125 के तहत मुकदमा दर्ज करने और 25 हजार रुपए तक का जुर्माना लगाए जाने का प्रावधान है। साथ ही एक वर्ष के लिए वाहन रजिस्ट्रेशन भी रद्द किया जाता सकता है। वहीं पकड़े गए नाबालिग पर 25 वर्ष तक की आयु के लिए ड्राइविंग लाइसेंस निर्गत करने पर रोक लगाई जा सकती है। यातायात निरीक्षक ऋषिदेव सिंह ने बताया कि सड़क हादसों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है, जिसके एक कारण के रूप में नाबालिगों द्वारा अपरिपक्व वाहन चालन को माना जा रहा है। ऐसे में सरकार ने नाबालिग बच्चों के वाहन चलाने पर पूरी तरह से रोक लगाने का निर्देश दिया है। ट्रैफिक अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को यातायात के अन्य नियमों को लेकर भी जागरूक किया। प्रधानाचार्य मेजर मिथलेश कुमार पांडेय ने सभी छात्रों को यातायात नियमों का पालन करने और 18 वर्ष की आयु के पहले मोटरसाइकिल या स्कूटी न चलाने की हिदायत दी।

# संदिग्ध हालात में किशोरी का शव फंदे से लटका मिला

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- कमरे में नही हैं दरवाजे, घर में नहीं था कोई सदस्य

**अमृत विचार।** संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी का शव फंदे से लटका मिला। कमरे में जहां दरवाजे नहीं हैं वहीं घर में कोई दूसरा सदस्य भी नहीं था। परिजन आत्महत्या की वजह नहीं बता पाए। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कनवारा गांव के बालाजी नगर निवासी आशिया बेगम (15) पुत्री नबी बक्श मंगलवार शाम घर में अकेली थी। उसके पिता सब्जी लेने गांव के पास बाईपास चौराहे गए थे। जबकि मां बकरी चराने चली गई थी। पिता ने बताया कि मां के बकरी लेकर खेतों की ओर से घर लौटने पर बेटी का शव रस्सी के फंदे से छत में लगे पंखे के हुक में लटका मिला है। घर में उसे किसी तरह की दिक्कत परेशानी नहीं थी। वह खुद राजमिस्त्री का काम कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। खुदकुशी करने की वजह अभी तक पता नहीं चल सकी है। कोतवाली निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया खुदकुशी करने का मामला लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट हो जाएगा।

# हत्यारोपियों की गिरफ्तारी को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, अतर्रा


अधिकारी को ज्ञापन सौंपते सवर्ण आर्मी के कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सवर्ण आर्मी जिलाध्यक्ष की अगुवाई में पदाधिकारियों व सदस्यों ने तीन महीने पहले हुई युवक की हत्या में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। चेतावनी दी कि नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी न हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

सवर्ण आर्मी जिलाध्यक्ष उमेश तिवारी के नेतृत्व में बुधवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। इसमें कहा है कि लगभग 3 माह पूर्व बदौसा थाना क्षेत्र के तुर्रा गांव निवासी मनोज उर्फ बब्लू की हत्या कर दी गई थी। मृतक की पत्नी की तहरीर पर चार नामजद जयकरन यादव, प्रमोद यादव, रामसहाय यादव, मुकेश यादव समेत एक अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने हत्या समेत सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया। आरोपी मृतक की पत्नी और उसके परिवार को उसे लगातार धमकी दे रहे हैं। परिवार को जानमाल का खतरा है। मृतक की पत्नी जान बचाने के लिए तुर्रा गांव स्थित मकान में ताला लगाकर अपने भाई के यहां रह रही है। आईजीआरएस में बदौसा पुलिस ने सिर्फ जांच का हवाला देते हुए आख्या भेज दी। चेतावनी दी कि हत्यारोपियों की गिरफ्तारी न हुई तो सवर्ण आर्मी आंदोलन करेगी। हत्यारोपियों की गिरफ्तारी व पीड़िता को सुरक्षा देने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश संयोजक सुमित मिश्रा, सोनू करवरिया, रत्नेश द्विवेदी, कौशलेंद्र सिंह, शैलू पांडेय, हनुमान त्रिपाठी, धीरज मिश्रा, पुष्पराज सिंह, चंद्रेश सिंह, आदित्य पांडेय, रविंद्र करवरिया, अशीष गुप्ता, ऋषभ मिश्रा, रामनारायण पांडेय, भेला गुप्ता, मेवालाल, अमन गुप्ता, अंकुश गुप्ता, राकेश रहे।

## सार-संक्षेप

### दहेज की मांग पूरी न करने पर पत्नी को घर से निकाला

**कमासिन।** थाना क्षेत्र के ग्राम बेना मऊ निवासिनी दीप्ति देवी को उसके पति दिवाकर ने मारपीट कर घर से कल शाम को निकाल दिया है। दहेज में मायके से सोने की जंजीर और भैंस नहीं ला रही थी। दीप्ति ने बताया कि शादी के 5 साल के बाद से दहेज में उक्त मांग को लेकर तरह-तरह से मुझे प्रताड़ित किया जाता था तथा मारपीट भी की जाती थी और अब घर से निकाल दिया है। जबकि मेरे एक छोटा बच्चा भी है। दीप्ति ने थाने में पति के खिलाफ शिकायत की है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### क्षेत्र पंचायत की बैठक की आज

**कमासिन।** स्थानीय क्षेत्र पंचायत की बैठक कल गुरुवार को ब्लॉक सभागार में होगी। खंड विकास अधिकारी सचिव ओम प्रकाश मिश्रा ने बताया कि बैठक की सूचना माननीय सांसद विधायक सभी विभागाध्यक्ष सभी प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों को दे दी गई है। जिसमें पिछले कराए गए कार्यों की सूची आय व्यय का व्योरा प्रस्तुत करने के साथ आगे कराए जाने वाले विकास कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत होगी।

### तालाब में डूबकर बालक की मौत

**बबेरू।** जमुनिहा पुरवा निवासी आदर्श (8) पुत्र अवधेश अपने परिजनों के साथ कोतवाली के परसौली गांव रिश्तेदारों के यहां शादी में शामिल होने आया था। बुधवार को वह घर से कुछ दूर तालाब में नहाने चला गया। नहाते समय गहरे पानी में डूबकर लापता हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने देखा तो परिजन व रिश्तेदारों को सूचना दी। कुछ देर तलाश के बाद बालक को तालाब से बाहर निकाल कर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

### नगर पंचायत से हो रहा सीसी रोड का निर्माण

**नरैनी।** सीमा विस्तारित क्षेत्र मोहल्ला इंद्रा नगर कालिंजर रोड में मथुरा के पुरवा में आबादी बसी हुई है। जहा पर कई वर्षो से सड़क नही थी। बरसात के समय लोगो का निकलना दुभर हो जाता था। कीचड़ , दलदल की वजह से लोगो को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। मुहल्ले वालो की मांग पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हरिश्चंद्र सोनकर ने मामले को संज्ञान में लेकर 120 मीटर सीसी रोड का निर्माण करवाया। जिससे मुहल्ले वासियों ने खुशी जाहिर किया है । सीमा विस्तारित के पहले यह पुरवा बरुआ स्योढा गांव में आता था। अब सीमा विस्तारित के बाद यह पुरवा नगर पंचायत में आ गया है । नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हरिश्चंद्र सोनकर, सभासद हरी निगम ने आज मौके पर पहुंचकर सी सी मार्ग को जांच पड़ताल की।

### मोटरसाइकिल को टक्कर मार तोड़ा, की मारपीट

**अतर्रा।** कार चालक ने लापरवाही से चलाते हुए बाइक में जोरदार टक्कर मार कर तोड़ दिया।मना करने पर उसने मोटरसाइकिल सवार को मारा-पीटा है। कैलाश नगर निवासी वीरेंद्र कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 23 जून को वह अपनी मोटरसाइकिल से दवा लेने जा रहा था।जैसे ही वह बांदा रोड़ पर कन्या पाठशाला के पास पहुंचा तभी मारुती अल्टो कार चालक लापरवाही से चलाते हुए आया और उसकी बाइक पर जोरदार टक्कर मार दिया जिससे उसकी गाड़ी टूट गई।जब उसने मना किया तो कार चालक ने दो लोगों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया है।

### दबंग ने जानवरों से पेड़ों को नष्ट करा दिया, पीटा

**अतर्रा।** विसंडा थाना के ग्राम अमलोहरा निवासी कल्लू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने अपने खेत में सब्जी एवं फलदार पौधे लगा रखा हुआ था। गांव के पुलिस पुत्र रामविलास नाई एवं महेश उर्फ भूइंठी नाई ने अपनी भैंसों एवं बकरियों से उसकी सब्जी तथा पौधों को चरा लिया है।जब उसने उनसे उलाहना दिया तो दोनों ने उसको मारा-पीटा है। जिससे कई जगह चोटें आई हैं। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 115(2)/352/351(2) में मुकदमा लिखा है।

**आक्रोश** समस्याओं के निराकरण के लिए किसानों ने नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# विद्युत उपकेंद्र का घेराव कर बंद कराई आपूर्ति

संवाददाता, बबेरू

- पावर कॉरपोरेशन अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी
- आधिकारियों के समझाने के बाद शांत हो सके किसान

**अमृत विचार।** बिजली समेत तमाम मूलभूत समस्याओं को लेकर समाजसेवी की अगुवाई में सैकड़ों किसानों ने बबेरू बिजली स्टेशन का घेराव किया। नाराज किसानों ने बिजली सब स्टेशन की बिजली आपूर्ति ठप कर दी। पावर कारपोरेशन अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बाद में नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निराकरण की मांग की।

समाजसेवी पीसी पटेल की अगुवाई में बबेरू, मुरवल, बिसंडा, पखरौली समेत तमाम गांवों के सैकड़ों किसानों का जत्था बुधवार को नारेबाजी करते हुए बबेरू कस्बा स्थित बिजली सब स्टेशन पहुंचा और घेराव किया। यहां बिजली विभाग अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए किसानों ने बिजली आपूर्ति ठप कर दी। बिजली सब स्टेशन में मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों के समझाने के बाद आक्रोशित किसान शांत हुए। कुछ देर बाद कस्बा समेत अन्य फीडरों की बिजली आपूर्ति बहाल हो गई। समाजसेवी का कहना है कि खेतों में धान रोपाई का काम चल रहा है। नियमित बिजली आपूर्ति न होने से किसानों को ट्यूबवेल से भरपूर पानी नहीं मिल पा रहा। किसान बूंद-बूंद पानी को तरस रहा है। नायब तहसीलदार मनोहर सिंह को मांग पत्र देकर एक हफ्ते में लिखित समस्याओं के समाधान पर वार्ता की। फुफुंदी फीडर के अकौना गांव की समस्या को तुरंत ठीक करवाते हुए अन्य समस्याओं के जल्द समाधान की सहमति पर किसानों ने ज्ञापन सौंप कर धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया।

इस मौके पर किसान सभाजीत, अमर राजपूत, सुरेंद्र राजपूत, कौशल, विनोद, रामगोपाल, संतराम, छोटा, धीरेंद्र सिंह, राहुल, विकास, जयनारायण, उमेश, रणजीत, बुद्धविलाश, केके पटेल, ओमप्रकाश, रोहित, सुरेंद्र, सुनील, स्यामसिंह, रघुराज समेत तमाम किसान मौजूद रहे।


नायब तहसीलदार मनोहर सिंह को ज्ञापन सौंपते किसान। अमृत विचार


मोहर्रम पर ताजिया निकालते लोग। अमृत विचार

## दूसरी मोहर्रम को निकला दरी वालों का ताजिया

**बांदा।** दस दिवसीय मोहर्रम के आयोजनों में दूसरे दिन मंगलवार की रात दरी वालों का ताजिया जुलूस निकाला गया। दरी मोहाल से शुरू हुआ ताजिया जुलूस मातमी धुन के साथ अपने परंपरागत रास्तों मर्दननाका, छिपटहरी, कोतवाली रोड, मनोहरी गंज, मर्दननाका ढाल के नीचे स्थित इमामबाड़े में समाप्त हुआ।

देर रात निकले ताजिया जुलूस में बड़ी तादाद मे अकीदतमंदों की भीड़ रही। ताजिया जुलूस के साथ नायाब तहसीलदार विवेक सिंह और मर्दननाका चैकी प्रभारी अजीत प्रताप सिंह व पुलिस बल मौजूद रहा। उधर बिजली के झूलते तारों से ताजिया निकालने में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष शोएब नियाजी समेत अरशद निजामी, परवेज खान, आसिफ अली, जावेद खान, हाजी आरिफ खान सहित बड़ी तादाद में लोग मौजूद रहे।

# कार पलटने से व्यापारी की मौत, साथी घायल

## बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के डिवाइडर से टकराने पर हुई दुर्घटना

कार्यालय संवाददाता, महोबा


बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर खड़ी दुर्घटनाग्रस्त कार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दिल्ली से इलाज कराकर वापस आ रहे कबरई के पत्थर व्यापारी की कार बुधवार को सुबह करीब पांच बजे असंतुलित होकर हाईवे के डिवाइडर से टकराकर पलट गई। जिससे कार चालक युवा व्यापारी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि कार सवार उसका साथी बुरी तरह घायल हो गया। पुलिस की मदद से घायल को गंभीर हालत में कानपुर ले जाकर भर्ती कराया गया। जहां पर उसका उपचार चल रहा है। घायल की हालत नाजुक बताई जा रही है।

कस्बा कबरई के मोहल्ला जवाहर नगर निवासी पत्थर व्यापारी अविनाश पालीवाल 26 पुत्र राजू पालीवाल मोहल्ला विवेक नगर कबरई निवासी एक अपने मित्र विमल सिंह 27 पुत्र महेंद्र सिंह व कबरई के मोहल्ला राजेंद्र नगर निवासी, जावेद मंसूरी 30 पुत्र नासिर अली निवासी राजेन्द्र तीनो पत्थर के कारोबार से जुड़े हैं। अधिकतर तीनो दोस्त साथ मे रहते है एक मित्र विमल की तबियत खराब होने पर अविनाश पालीवाल उसे दिखाने के लिए दिल्ली।।दिखाने दिल्ली स्विफ्ट कार गए थे। बाद जावेद मसूरी भी साथ मे चला गया। कारोबारी साथी अविनाश पालीवाल, जावेद मंसूरी भी साथ हो लिए। तीनो मित्र एक साथ दिल्ली दिखाने गए। देर रात दिल्ली से कार में तीनों वापस कबरई को वाया बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे से आ रहे थे। सुबह 5 बजे बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे में गाड़ी असंतुलित होकर हाइवे के डिवाइडर से जा टकराई। जिससे मौके पर अविनाश पालीवाल उर्फ छोटू पालीवाल की मृत्यु हो गई। विमल को बाहरी चोट आने के कारण कानपुर के रीजेंसी अस्पताल में भर्ती करायाया गया। जबकि तीसरा साथी जावेद बाल बाल बच गया। घटना की सूचना मिलते ही कबरई मंडी में शोक की लहर दौड़ गई। अविनाश पालीवाल के पिता राजू पालीवाल बड़े माइनिंग कारोबारी है जिससे वहां सुबह से ही शोक संवेदना व्यक्त करने वालो की भीड़ लगी रही। पत्थर कारोबारी के अलावा राजनीतिक दल के नेताओं का भी मृतक के घर में देर शाम तक जमावड़ा लगा रहा।

## दिव्यांग की शिकायत पीड़ा सुनने के बजाय थाने से भगा दिया

**पनवाड़ी।** थाना महोबकंठ के अतंर्गत ग्राम दुलारा में एक दलित दिव्यांग व्यक्ति के साथ दबंग द्वारा अभद्रता करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित द्वारा दबंग खिलाफ थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग उठाई गई, लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने दबंग पर कोई एक्शन नहीं लिया, उल्टा उसे थाना परिसर से भगा दिया गया, जिससे उसने एडीएम से न्याय की गुहार लगाई है।

ग्राम दुलारा निवासी हीरालाल कोरी द्वारा दिए दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि 07 जुलाई को वह गाव के अंबेडकर चौराहे पर बैठा था, तभी गांव का एक दबंग शराब के नशे में पास आया व गाली गलौज करने लगा और जातिसूचक शव्दों का प्रयोग करने लगा, जिसका विरोध किया तो दबंग ने लात घूंसो और लाठी से मारपीट करने लगा, जिससे गंभीर चोट आयी हैं। पीड़ित द्वारा थाना महोबकंठ में शिकायत की गई, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की और पुलिस ने हडकी देते हुए भगा दिया।

# नवनियुक्त लेखपालों को वितरित किए गए नियुक्ति पत्र

कार्यालय संवाददाता, महोबा


नियुक्ति पत्र देते जिलाधिकारी मदुल चौधरी व जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी।

- मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सबने देखा और सुना

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार महोबा में बुधवार को जिले के नवनियुक्त लेखपालों को जिलाधिकारी मदुल चौधरी और जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी ने कार्यक्रम के तहत नियुक्ति पत्र वितरित किए। साथ ही मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी द्वारा लखनऊ में नवनियुक्त लेखपालों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया, जिसे अधिकारियों और चयनित लेखपालों ने भी देखा और सुना।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी नें जिले के लिए नव नियुक्त सभी लेखपालों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सरकार द्वारा संचालित कई योजनाओं में लेखपाल की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने नवनियुक्त लेखपालों से अपेक्षा की कि आपको सौंप गए कार्यों में आप खरे उतरेंगे। इसके अलावा रियल लीडरशिप को पहचानने को भी कहा और पूरी उम्मीद जताई कि नवनियुक्त लेखपाल उदाहरण बनकर समाज के सामने अपनी अच्छी छवि प्रस्तुत कर लोगों के विश्वास पर खरे उतरेंगे। उन्होंने नवनियुक्त लेखपालों से कहा कि उत्तर प्रदेश में जो जिले की पहचान बनी है, उसे बरकरार रखने में अहम भूमिका निभाते हुए पारदर्शी ढंग से कार्य करने को अंजाम तक पहुंचाएं। साथ ही सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं को निर्धारित समय अवधि में कार्य को पूरा करें। कहा कि आपको एक अवसर मिला है। लोगों के बीच अच्छी छवि बनाएं और कोई गलत कार्य न करें। अपने कार्यकाल में बेहतरीन कार्य करें जिससे लोग आपको अच्छाई के लिए याद करें।

इस मौके पर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी द्वारा लखनऊ में नव नियुक्त लेखपालों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम लाइव सजीव प्रसारण भी दिखाया गया, जिसमें मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार में बिना किसी भेदभाव के सरकारी भर्तियां पारदर्शी ढंग से की जा रही है। विगत वर्षों में प्रदेश सरकार ने 6 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी है, जिनमें 1 लाख 55 हजार पुलिस एवं 1 लाख 54 हजार शिक्षकों की भर्ती सहित अन्य विभागों की भर्तियां शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि युवाओं के उज्जवल भविष्य के माध्यम से ही उ0प्र0 को देश की सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था के पथ पर आगे ले जाना है। अब तक 15 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव को धरातल पर उतारा जा चुका है। 30 लाख करोड रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतरने की प्रक्रिया में है।

युवाओं की नौकरी को लेकर उन्होंने बताया कि 62 लाख से अधिक युवाओं को स्वरोजगार के माध्यम से भी जोड़ा गया। प्रदेश में बेहतर कानून व्यवस्था एवं नियुक्तियों में बिना भेदभाव एवं पारदर्शी प्रक्रिया अपनाने से उत्तर प्रदेश देश की छठवीं अर्थव्यवस्था से दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। नए उत्तर प्रदेश को पूरे देश में सम्मान मिल रहा है।

कार्यक्रम मौके पर अपर जिला अधिकारी राम प्रकाश, उप जिलाधिकारी सदर जितेंद्र सिंह, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद, उपजिलाधिकारी चरखारी प्रदीप कुमार, नगर पालिका अध्यक्ष संतोष चौरसिया सहित जिले के चयनित समस्त लेखपाल उपस्थित रहे।

# योजनाओं का लाभ भाजपाइयों को भी मिले

संवाददाता, पनवाड़ी-महोबा



मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम में मौजूद भाजपाई। अमृत विचार

- मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम में पूर्व सांसद ने भाजपा सरकार की बताई उपलब्धियां

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी महोबा द्वारा विधानसभा चरखारी अंतर्गत पनवाड़ी के मुस्कान वाटिका में मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने कहा कि सरकार की जितनी भी जनहित की योजनाएं चल रही है, उनका लाभ जनता को तो मिल ही रहा है। हमारे कार्यकर्ताओं को भी इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिले, इसके लिए मैं पूरी ताकत के साथ काम करूंगा।

पूर्व सांसद ने कहा कि 2024 के चुनाव में विपक्षियों द्वारा भ्रामक प्रचार किया गया कि भाजपा के लोग संविधान बदल देंगे, जबकि संविधान को इन्ही कांग्रेस के लोगों द्वारा कई बार बदला गया, 1975 में देश को आपातकाल जैसा दंश झेलना पड़ा, तमाम बड़े नेताओं को जेल में डाल दिया गया और प्रेस की स्वतंत्रता छीन ली गई। देश के इतिहास में आपातकाल जैसा कला अध्याय लिखने का काम कांग्रेस के लोगों ने किया। चुनाव में एक प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना हम लोगों ने किया, लेकिन फिर भी कार्यकर्ताओं के परिश्रम और मतदाता का आशीर्वाद हम सभी को मिला इसके लिए मैं अपने कार्यकर्ता साथियों और सम्मानित मतदाताओं को धन्यवाद देता हूं, और चुनाव में हार जीत तो प्रत्याशी का आभूषण होता है।

जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने संबोधन में कहा कि हम सभी के लिए यह ऐतिहासिक उपलब्धी और गौरव का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृव में केंद्र में लगातार तीसरी बार भाजपा और एनडीए की सरकार बनी है। मोदी सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर देश व प्रदेश के मतदाताओं ने भाजपा के प्रति अपना समर्थन एवं विश्वास जताया है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष योगेश मिश्रा, जिला महामंत्री मंगल महान, पूर्व जिला अध्यक्ष कमलेश सक्सेना, दिग्विजय दुबे, चक्रपाणि त्रिपाठी, संतोष चौरसिया, जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी, जिला मीडिया प्रभारी सत्येंद्र प्रताप, मंडल अध्यक्ष पनवाड़ी पवन सोनी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि श्रीप्रकाश अनुरागी रहे।

## लापता किशोरी को पाकर परिजनों के चेहरे खिले

**महोबा।** लापता किशोरी के मिलने से परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। चाइल्ड हेल्पलाइन को बताया कि एक नाबालिग किशोरी हमीरपुर चुंगी के प्राइवेट स्टैंड स्टैण्ड में लवारिस मिली है। सूचना के बाद चाइल्ड हेल्प लाइन कीटीम द्वारा बालिका को रेस्क्यू किया गया। इसके बाद बालिका को कोतवाली में लाया गया। इसके तत्पश्चात बालिका को स्वास्थ्य परीक्षण जिला महिला चिकित्सालय महोबा में कराया गया। फिर बालिका को अल्प प्रवास के स्टाप सेन्टर में रखा गया। सुबह बालिका को बाल कल्याण समिति के न्यायपीठ के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति के आदेशानुसार बालिका के भाई विनय कुमार राजाराम व राहुल, राजाराम निष्ग्राम-लहेंगापुर घोष रसूलपुर जिला रायबरेली को सौंप दिया।

# इंडियन बैंक के भवन का उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, महोबा


वरिष्ठ अधिकारी को बुके भेंट करते सहयोगी अफसर। अमृत विचार

- योजनाओं का लाभ अधिक लोगों तक पहुंचाना बैंक का मकसद

**अमृत विचार।** अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक शाखा परमानंद चौराहा के पास निर्मित नये भवन का उद्घाटन सहायक महाप्रबंधक घनश्याम कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक सरोज कुमार, शाखा के प्रबंधक सचिन नायक द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस मौके पर बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों की भीड़ जुटी।

उद्घाटन अवसर पर अंचल प्रमुख घनश्याम कुमार ने कहा कि गावों में लोगों को वित्तीय एवं डिजिटल जागरूक करने के साथ ही सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक लोगों तक पहुंचाना बैंक का मकसद है।

इससे इंडियन बैंक में लोगों का और अधिक जुड़ाव बढ़ेगा। उन्होनें बैंक स्टाफ को ग्राहक सेवा के प्रति निष्ठा, ईमानदारी से उत्तरदायित्व निर्वहन करने के लिए मार्गदर्शित करते हुए कहा कि सुगमता, सुलभता के साथ बैंक सेवाएं मुहैया कराने के लिए अपनी भूमिका निभाने के लिए निर्देशित किया।

इस अवसर, आर्यवर्त बैंक के आर०एम० श्री अजीत कुमार शुक्ला, आरसेटी संस्थान के निदेशक राम कुमार वर्मा इंडियन बैंक के परशुराम वर्मा, समीक्षा, अरूण कुमार उपाध्याय सहित अनेक बैंक अधिकारी, कर्मचारी एवं बैंक सम्मानित ग्राहक भी उपस्थित रहे।

# अभाविप कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

कार्यालय संवाददाता, महोबा



रक्तदान करता परिषद का कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 76 वें स्थापना दिवस पर विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर पुनीत कार्य किया है।परिषद के सदस्यों द्वारा दिए गए रक्त से तमाम लोगों की जान बच सकेगी। जिला अस्पताल के रक्त कोष भवन में सुबह से ही रक्तदान करने के लिए विद्यार्थी परिषद के लोगों की भीड़ जुटना शुरू हो गई।

राष्ट्रीय विधार्थी दिवस' जिसको सम्पूर्ण राष्ट्र बड़े गौरव से मनाता है इस शुभ अवसर पर अभाविप के कार्यकर्ताओ ने रक्तदान करने की प्रति विशेष रुचि दिखाते हुए रक्त दान किया। राष्ट्र हित , छात्र हित एवं समाज हित मे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता हमेशा तत्पर रहते है ऐसे ही कार्यकर्ता जिन्होंने महा दान किया उनमें राजेंद्र कुमार , वैभव तिवारी , मोहित वर्मा, अमित राजपूत , के के पटेल, पार्थ, अनिवेश तिवारी, विकास , जतिन राठौड़ सहित तमाम सदस्य शामिल हैं।

शिविर का उद्घाटन शिव कुमार एवं जिला संगठन मंत्री अपूर्व भदौरिया ने किया। जिला संयोजक शिवम विश्वकर्मा के नेतृत्व में शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने स्वयं रक्तदान कर इसकी शुरुआत की।

# नाला निर्माण के चलते भटीपुरा का मेन रोड से संपर्क टूटा

कार्यालय संवाददाता, महोबा


सड़क पर पड़े सीमेंट के ढक्कन। अमृत विचार

- कछुआ गति से चल रहे कार्य से आने-जाने की दिक्कत बढ़ी

**अमृत विचार।** शहर के मां चंद्रिका चौराहा से भटीपुरा जाने वाले मार्ग मे पिछले एक माह से ठेकेदार द्वारा नाला निर्माण कार्य कराया जा रहा है, लेकिन कछुआ गति से चलने वाले इस कार्य से लोगों के साथ साथ वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कत मोहल्ला भटीपुरा के निवासियों उठानी पड़ रही है, क्योकि नाला निर्माण के चलते गली और मेन रोड का संपर्क टूट गया है। मजदूरों द्वारा नाले के ऊपर मिट्टी डालकर आवागमन तो शुरू करा दिया गया, लेकिन बारिश के चलते मिट्टी धंस गई। जहां एक ओर मोहल्ले वासी परेशान हैं वहीं दूसरी तरफ अब मैन सड़क पर ही ठेकेदार द्वारा नाले को ढकने के लिए सीमेंट के बड़े बड़े ढक्कर बनाए जा रहे है, जिससे आधी सड़क पर ढक्कन पड़े होने से जाम की समस्या उत्पन्न हो गई, बावजूद इसके ठेकेदार को कोई रोकने टोकने वाला नही है।

गौरतलब है कि शहर की आफीसर्स कालोनी के सामने से हाईवे के पास से मोहल्ला भटीपुरा, हवेली दरवाजा, तहसील चौराहा आदि के लिए सड़क निकली हुई है, लेकिन एक माह से इस मार्ग पर लोगों को आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

नाला निर्माण के चलते सबसे ज्यादा दिक्कत मोहल्ला भटीपुरा के लोगों को हुई, क्योकि मोहल्ले की एक गली और मैन रोड के बीच नाला निर्माण के चलते बड़ा गड्ढा होने के कारण संपर्क ही टूट गया था, जैसे तैसे उस जगह निर्माण के बाद मजदूरो द्वारा लोगों के कहने पर मिट्टी डलवाई तो बारिश के चलते मिट्टी जमीन में बैठ गई और फिर से गड्ढा हो गया, लेकिन लोग किसी तरह साइडों से अपने वाहनों को निकालकर ले जा रहे है।

लोगों को कछुवा गति से चल रहे निर्माण कार्य से छुटकारा मिला तो मैन सड़क पर ही ठेकेदार द्वारा अब नाले को ढकने के लिए बड़े बड़े ढक्कन सांचे में ढालकर बनाए जा रहे है, जिसके लिए मिक्चर मशीन, पानी के टेंकर आदि सामान सड़क पर होने से एक सप्ताह तक वाहन चालकों को जाम की समस्या से भुगतना पड़ा।

दोपहर के समय से ज्यादा जाम की स्थिति पैदा हो जाती, क्योंकि आसपास संचालित स्कूल ओर मोहल्ले के बच्चों को लेकर आने वाले वाहनों की संख्या अधिक होती है, जिस कारण वाहन चालक हाईवे आने जाने लगे, लेकिन उक्त मोहल्लों में यही से जाना पड़ता है। एक सप्ताह से नाले के ढक्कर बनने के बाद भी सड़क पर ही पड़े, लेकिन ठेकेदार द्वारा उन्हें हटवाया नहीं जा रहा है, जिससे लोगों ने दुर्घटना की अशंका जताते हुए उच्चाधिकारियों से जल्द से जल्द सीमेट के बडे बडे ढक्कनों को हटवाए जाने की मांग की है।

दिशा-निर्देश | तीन जगहों पर वाहनों की पार्किंग होगी, रूट व भीड़ का आंकलन

# दुलदुल जुलूस की भीड़ को लेकर पुलिस-प्रशासन सतर्क

कार्यालय संवाददाता महोबा


बैठक में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हाथरस में हुए हादसे के बाद पुलिस-प्रशासन कस्बा चरखारी में मोहर्रम की सात तारीख यानि 14 जुलाई को निकलने वाले दुलदुल जुलूस में जुटने वाली भीड़ को लेकर विशेष सतर्क है। वह तैयारियों में जुट गया है। दुलदुल जुलूस को लेकर ताजिया कमेटी के साथ सीओ चरखारी ने बैठक की। सीओ ने ताजियों के रूट, आकार व भीड़ की स्थिति का आंकलन किया। पार्किंग व सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा करते हुए कमेटी व आमजन से सहयोग की भी अपील की।

थाना चरखारी में आयोजित बैठक में पुलिस उपाधीक्षक रविकान्त गोंड ने कहा कि आयोजन के संबंध में जो गाइड लाईन शासन स्तर से जारी की गयी है उसी के मुताबिक सभी आयोजन होंगे। मोहर्रम की 9 व 10 तारीख को निकलने वाले ताजियों के आकार पूर्व की भांति रहेंगे। किसी नए आयोजन की अनुमति नहीं होगी। दुलदुल जुलूस में गत वषो की भांति संभावित एक लाख से अधिक भीड़ को देखते हुए विशेष सतर्कता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अभी हाल में ही हाथरस जैसी घटना को लेकर भीड़ वाले कार्यक्रमों में शासन द्वारा विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश शासन द्वारा दिए गए हैं। सीओ ने कहा कि पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देश पर पर्याप्त संख्या में पुलिस व पीएसी बल की तैनाती होगी लेकिन आयोजन समिति के सदस्य व स्थानीय लोगों का सहयोग बहुत आवश्यक है। सभी को व्यक्तिगत जिम्मेदारी भी निभानी होगी। उन्होने कहा कि किसी भी संभावित दुर्घअना को मिनीमाइज किया जाना आवश्यक है। प्रभारी निरीक्षक गणेश प्रसाद गुप्ता ने जुलूस के दौरान पार्किंग स्थलों के निर्धारण की जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन समिति की मांग पर इस बार बस स्टेशन तक चार पहिया वाहन आएंगे जहां पार्किंग होंगी। इसके अलावा वाहन में बूढ़े व बच्चों वाले वाले पावर हाऊस से होते हुए गोलाघाट तक आएंगे लेकिन यहां आने वाले वाहनों की संख्या सीमित होगी। अधिकांश वाहनों की पार्किंग डाक बंगला मैदान में ही होगी।

बैठक के दौरान पुलिस चौकी प्रभारी सनय कुमार, एसडीओ विद्युत विभाग राकेश कुमार, लेखाकार नगर पालिका अय्यूब खां, शेर कमेटी के सददाम दुलदुल कमेटी प्रमुख न्याज अहमद खां उ र्फ मोनू खां, न्यामत सौदागर, मुहम्मद सरफराज, मुबारक शाह, अनवार, पूर्व सभासद याकूब खान, शब्बीर खान व साबिर अली सहित सभी ताजियादार मौजूद रहे।

### हाथरस की घटना के बाद प्रशासन चौकन्ना

हाथरस में एक सत्संग कार्यक्रम के दौरान जुटी भारी भीड़ के बाद हुई घटना को देखते हुए जिला प्रशासन मोहर्रम पर्व पर खास कर दुलदूल जुलूस में जुटने वाली भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए अभी से रणनीति बनाने में जुट गया है। दुलदुल जुलूस में वाहनों के लिए तीन अलग-अलग स्थान पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। डाक बंगला मैदान में वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की गई है। बस स्टैंड चरखारी पर सभी वाहनों पर रोक लगा दी गई है। बुजुर्ग और बच्चों वाले वाहनों को गोलाघाट तक जाने दिया जाएगा जिससे -दुल दल जुलूस आसानी से निपट सके।

# पुलिस ने पैदल गश्त कर ताजिया जुलूस के मार्ग से अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता महोबा


पैदल गश्त करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मोहर्रम त्योहार के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने जिले भर में पैदल गश्त किया। त्योहार को शांति और आपसी भाईचारे के साथ मनाए जाने की जिलेवासियों से अपील की गई। साथ ही व्यापारियों से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा भी दिलाया। सदर कोतवाली पुलिस ने भी सोमवार की शाम पैदल गश्त करते हुए ताजिया जुलूस मार्ग पर किए गए अतिक्रमण को हटाए जाने के दुकानदारों को निर्देश दिए। पुलिस ने पैदल गश्त के दौरान वाहनों की गहनता से चेकिंग की।

पुलिस क्षेत्राधिकारियो और थाना प्रभारियो ने पुलिस फोर्स के साथ बाजार, मुख्य मार्गो और चौराहो के आलावा भीड़भाड़ वाले स्थानो पर पैदल गश्त कर अराजकतत्वों नजर रखते हुए शांति का संदेश दिया। दुकानों पर जाकर दुकानदारों द्वारा लगाए गए सीसीटीवी व अन्य सुरक्षा उपकरण के बावत जानकारी हासिल की। जिन ज्वैलर्स की दुकानों में सीसीटीवी कैमरे सुरक्षा की दृष्टि के कैमरे लगाए जाने की दुकानदार को हिदायत दी गई। शहर कोतवाली पुलिस टीम ने भी शाम पैदल गश्त करते हुए तहसील चौराहा, आल्हा चौक सहित अन्य प्रमुख चौराहो का जायजा लिया। पुलिस टीम ने मोहर्रम पर्व पर निकलने वाले ताजिया जूलूस के अलावा अन्य धार्मिक कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण करते हुए ताजिया जुलूस मार्ग से अतिक्रमण हटाए जाने के निर्देश दिए।

साथ ही मुख्य बाजार में दुकानदारों द्वारा दुकानों के सामने मेज, तख्त व अन्य सामान रखे जाने पर भी उसे हटाए जाने के लिए निर्देश दिए गए, जिससे ताजिया जुलूस को किसी भी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

## एक नजर

### संविदा लाइनमैन को पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** क्षेत्र जलालपुर गांव के रासु उर्फ शुभम ने बताया कि वह विद्युत विभाग में संविदा कर्मी है। मंगलवार की रात 9 बजे काम निपटा कर सरीला से घर जा रहा था। तभी मसीदन गांव के पास गुटका लेने के लिए गाड़ी खड़ी की। तभी मसीदन गांव के धीरू अपने दो अन्य साथियों के साथ आया और लाठियां से पीटने लगा। शोर मचाने पर ग्रामीणों को आता देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

### सीडीपीओ से मांगा गया स्पष्टीकरण

**हमीरपुर।** ऑगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जमीन पर बैठाने के मामले में ब्लाक प्रमुख द्वारा नाराजगी जताई गई थी। इस मामले में जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी को पत्र के माध्यम से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**मौदहा।** सिसोलर थाना क्षेत्र के भमई गांव निवासी एक हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने चोरी के दो मोबाइलों सहित गिरफ्तार किया है। सिसोलर पुलिस के अनुसार भमई निवासी भूपेंद्र सिंह का बड़ा आपराधिक इतिहास है। वह हिस्ट्रीशीटर भी है। इसी गांव के रामबाबू गुप्ता के दो कीमती मोबाइल चोरी चले गए। उसने संदेह में पुलिस को इसका नाम बताते हुए घटना की सूचना दर्ज कराई। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की वह घर से बाहर जाते हुए बस स्टैंड के निकट पकड़ लिया गया। दरोगा मनोज मिश्रा ने बताया कि भूपेंद्र सिंह उर्फ तानिया वांछित अपराधी है। उसको बाहर जाते समय 36000 कीमत के दो मोबाइल बरामद भी किए गए हैं।

# ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

## जराखर गांव के पास हुआ हादसा, मौरंग खाली कर तेज रफ्तार से लौट रहा था चालक

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** ट्रैक्टर में भरी मौरंग खाली कर लौट तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक का संतुलन बिगड़ने से ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। जिससे ट्रैक्टर चला रहे युवक की दबकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को ट्रैक्टर के नीचे दबे चालक को बाहर निकाल शव का पोस्टमार्टम कराया है।

मझगवां थाने के सरगाँव निवासी प्रवेश (26) पुत्र चेतराम मझगवां थाने के इकठौरा गांव निवासी भूपेंद्र यादव का ट्रैक्टर चलाता था। बुधवार की सुबह वह ।जराखर गांव में मौरंग खाली कर वापस लौट रहा था। जराखर गांव के पास गड्ढा युक्त सड़क में अचानक तेज रफ्तार ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया। जिससे वह अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ट्रैक्टर चला रहे प्रवेश की ट्रैक्टर के नीचे दबने से मौत हो गई।

परिजनों ने बताया कि मृतक ट्रैक्टर चला कर एवं मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बताया कि प्रवेश की अभी शादी नहीं हुई थी। मृतक अपने पीछे मां शांति के अलावा बड़े भाई राजकुमार सहित अन्य सभी परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। मझगवां पुलिस का कहना था कि कार्रवाई की जा रही है।



घायल ट्रैक्टर चालक को ले जाते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

## मार्ग दुर्घटनाओं में पांच घायल

**राठ(हमीरपुर)।** क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों में हुई मार्ग दुर्घटना में पांच लोग घायल हो गए हैं। घायल को कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जहां दो की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। पनवाड़ी थाने के बुड़ेरा निवासी छकौड़ी लाल (70) पुत्र छिदामी लाल बुधवार की सुबह परिवार के महेंद्र(30) के साथ बाइक से सरीला जा रहे थे। तभी पनवाड़ी मार्ग स्थित सैदपुर बसेला के बीच अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक से गिरकर घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां छकौड़ी की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया है।

वहीं मुस्करा थाने के चदौरा का डेरा निवासी बबली (60) पत्नी रामबालक बाइक पर बैठ कर जा रही थी। तभी पनवाड़ी मार्ग पर सड़क किनारे बैठ कर उल्टी कर रही थी। तभी तेज रफ़्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे उसका पैर फैक्चर हो गया। चिकित्सक ने मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया है। वहीं चिल्ली गांव निवासी विनोद(40), मानसिंह(32) मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए हैं।

## ट्रक ने गोवंशों को मारी टक्कर, चार की मौत

**बिवांर (हमीरपुर)।** सड़क पर बैठे आधा दर्जन से अधिक गौ वंशों पर अज्ञात ट्रक चालक ने ट्रक चढ़ा दिया। जिससे पांच गोवंशों की मौके पर मौत हो गई। जबकि दो गोवंश गंभीर रूप से घायल हो गए। कस्बा बिवांर के राठ हमीरपुर मार्ग में पानी की टंकी के सामने रात में आधा दर्जन से अधिक गोवंश बैठे हुए थे। सुबह 4 :00 के करीब राठ से हमीरपुर की ओर तेज रफ्तार से जा रहे ट्रक चालक ने सड़क पर बैठे गोवंशों पर ट्रक चढ़ा दिया। जिससे चार गोवंशों की मौके पर ही कुचल गए मौत हो गई। एक गोवंश ट्रक में फंसकर 30 मीटर तक घसीटता हुआ चला गया है। जबकि दो गोवंश बुरी तरह से घायल हो गए हैं। सुबह टहलने गए गांव वासियों ने सड़क पर बिखरे मृत पड़े गोवंशों को देखकर दुख जताया है।

## छुट्टा मवेशियों को गौशाला भेजने की मांग

**जालौन।** विकास खंड के ग्राम पर्वतपुर में गौशाला का संचालन ठीक से नहीं हो रहा है। गौशाला के जानवरों को छोड़ देने के कारण किसान परेशान हैं। अन्ना जानवर किसानों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं।

किसानों ने एसडीएम ओ संबोधित मांगपत्र नायब तहसीलदार को देकर गांव के अन्ना जानवरों को गोशाला में भेजने की मांग की है। ब्लॉक क्षेत्र के पर्वतपुर गांव निवासी किसान रामशंकर, मानवेंद्र सिंह, चंद्रवीर, राघवेंद्र, धारा सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अनुज मिश्रा, गजेंद्र सिंह, रामनरेश, भगवान सिंह, ग्याप्रसाद आदि ने एसडीएम को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार गौरव कुमार को देकर बताया कि उनके गांव में अन्ना जानवर किसानों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं।

ग्राम पंचायत पर्वतपुर में अन्ना जानवरों के लिए गोशाला का संचालन हो रहा है। गोशाला के संचालन के लिए रज्जन निरंजन की ड्यूटी लगाई गई है। गांव में गोशाला होने के बाद भी गांव में अन्ना गोवंश घूम रहे हैं जो खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। खेतों में घूमते अन्ना जानवरों से परेशान किसानों ने अन्ना जानवरों को प्रधान से बात करके गोशाला में बंद करा दिया। लेकिन गांव के कुछ लोगों ने गोशाला को खोलकर उन्हें बाहर निकाल दिया जिससे वह फिर से फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं।



नवनियुक्त लेखपालों के साथ अधिकारी और जनप्रतिनिधि। अमृत विचार

# जिले को मिले 89 लेखपाल सौंपे गए नियुक्तिपत्र

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** मिशन रोजगार के अंतर्गत प्रदेश के नवचयनित लेखपालों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को नियुक्ति पत्र सौंपे। इसी क्रम में जिले में 89 लेखपालों को भी तैनाती पत्र दिए गए।

विधायक मानिकपुर अविनाश चंद्र द्विवेदी, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, अध्यक्ष कोऑपरेटिव बैंक पंकज अग्रवाल व अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में यह कार्यक्रम हुआ। विधायक ने नवनियुक्त कर्मचारियों को हिदायत दी कि मन लगाकर काम करें। डीएम ने भी लेखपालों को बधाई दी और आशा जताई कि लेखपालों की कमी से राजस्व कार्यों में तेजी आएगी।

भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने भी लेखपालों से मन लगाकर काम करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सौरभ यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर पंकज वर्मा, मऊ राकेश कुमार आदि अधिकारी, जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### इनको मिले नियुक्ति पत्र

तहसील कर्वी से जय सिंह, शिवम सिंह, अंजली दुबे, नेहा शुक्ला, अंकित कुमार, शिप्रा करवरिया, उदय प्रताप सिंह, मानवेंद्र सिंह, संदीप सिंह, अमित कुमार पटेल, रोहित सिंह, अंकित त्रिपाठी, रामजी, राज बाबू, संदीप सिंह, सुनील वर्मा, नरेंद्र कुमार आदि तहसील मऊ से आदर्श कुमार, मोहित कुमार, संदीप अग्रहरि, कमलेश आदि, तहसील राजापुर से मनोज कुमार, कुलदीप सिंह, अभय सिंह, धर्मेंद्र कुमार, विनय कुमार, विवेक पांडेय आदि, तहसील मानिकपुर से राहुल सिंह, हनुमान सिंह, देवशरण, विनोद कुमार, आकृति सिंह, मोहित यादव, शिव बाबू और ऋषभ शर्मा आदि लेखपालों को नियुक्तिपत्र दिया गया।



संचारी रोग अभियान के तहत जागरूकता रैली निकालते बच्चे। अमृत विचार

# घरों के आसपास गंदगी न रखने का दिया संदेश

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- हाथों में तख्तियां लेकर बच्चों ने संचारी रोग जागरूकता रैली निकाली

**अमृत विचार।** बरसात के मौसम में रोगों का बढ़ना शुरू हो जाता है जिसको दृष्टिगत रखते हुए सुबे के मुखिया ने अधिकारियों को संचारी रोग अभियान चलाने के कड़े निर्देश जारी किए।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने संचारी रोग अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में नन्हे मुन्ने बच्चे हाथों में तख्तियां लेकर संचारी रोगों से आम जन मानस को रोगों से बचने के लिए जागरूकता रैली निकाली। ग्रामीण क्षेत्रों में गंदगी जलभराव बजबजाती नालियों से जिसमें मच्छरों का काबिज हो जाते हैं। गंदे पानी के जलभराव मच्छर लार्वा दिन प्रतिदिन बढ़ता जाता है। वही मच्छर इंसान को काटकर रोगी बना देते हैं। जिससे बचने के लिए घरों के आसपास साफ सफाई रखी जाए एवं जल भराव ना होने दें। आवश्यकता पड़ने पर स्वास्थ्य अधिकारियों से मदद लेकर दवाओं का छिड़काव करवायें। जिससे आम जनमानस को स्वस्थ रखा जा सके। इसी प्रकार कस्बे के वार्ड नंबर 10 में सफाई कर्मचारियों ने संचारी रोग अभियान के अंतर्गत जगह-जगह दवा डलवा कर कीड़े मकोड़े से बचने के लिए उपाय किया और शाम के वक्त फागिंग मशीन द्वारा मलिन बस्तियों में नगर पालिका द्वारा फागिंग की गई जिससे मच्छरों से बचाया जा सके।

# उमस में बिजली कटौती बनी कोढ़ में खाज

संवाददाता, सुमेरपुर

- उमस भरी गर्मी में अघोषित कटौती से लोग हलकान

**अमृत विचारः** बुंदेलखंड में 4 घंटे की घोषित कटौती के बाद अंधाधुंध कटौती से उमस भरी गर्मी में लोग हलाकान हैं। लोकल फॉल्ट कोढ़ में खाज का कार्य कर रहे हैं।

बिजली आपूर्ति का बुरा हाल है। कस्बे से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक अंधाधुंध कटौती ने लोगों की नींद हराम कर रखी है। शासन से बुंदेलखंड में 4 घंटे कटौती करने के निर्देश हैं। सुबह-शाम 2-2 घंटे की कटौती के अलावा आधा अंधाधुंध कटौती हो रही है। दोपहर में 2 से 3 बजे के मध्य कस्बे में होने वाली कटौती लोगों को उमस भरी गर्मी में मुसीबत खड़ी कर रही है। रात में भी अघोषित कटौती कस्बे से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक की जा रही है। इससे लोग परेशान हैं।

इसके अलावा लोकल फाल्ट के नाम पर घंटो कटौती हो रही है। बीती रात 10:50 से 11:20 बजे तक ग्रामीण क्षेत्रों के सभी फीडरों एवं सब स्टेशनों में अघोषित कटौती की गई। इससे लोगों की नींद हराम हो गई। विद्युत वितरण उपखंड के अवर अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि उन्हें 132 केवी से जितने घंटे सप्लाई मिलती है उसे पूरा देने का प्रयास किया जाता है। लोकल फाल्ट ठीक करने के अलावा उनके स्तर से किसी तरह की कोई कटौती नहीं की जा रही है।



फाल्ट को सही करते विद्युत कर्मी। अमृत विचार

## काम करने गए मजदूर की संदिग्ध हालात में मौत

**राठ (हमीरपुर)।** दो दिन पहले काम करने गए मजदूर की संदिग्ध हालात में मौत हो गई।

कोतवाली के कैथा गांव निवासी छत्रपाल अहिरवार ने बताया कि उसने 11 वर्ष पहले अपनी पुत्री नीरज की शादी जितेन्द्र पुत्र सत्यदीन अहिरवार निवासी बंगरा थाना चिकासी के साथ की थी। उसका दामाद मजदूर करने राठ के रानी गेट पड़ाव पर प्रतिदिन आता जाता था। बताया कि सोमवार को उसका दामाद 25 वर्षीय जितेन्द्र गल्ला मंडी नहर बाईपास पर मजदूरी करने गया था। अचानक हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया था। बताया कि इलाज कराने के बाद वह घर आ गया। बताया कि बुधवार की सुबह नौ बजे हालत बिगड़ गई। इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।



जितेंद्र।

# बार-बार ट्रिपिंग से लोग परेशान

**जालौन।** उमस भरी गर्मी दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। गर्मी के चलते सामान्य जन जीवन प्रभावित हो रहा है। ऐसे में नगर में अंधाधुंध हो रही बिजली कटौती ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। एक ओर जहां नगरवासी रात में बिजली की लुका-छिपी के चलते सो नहीं पा रहे हैं। तो दिन में भी लुकाछिपी चलने से लोगों को उमस भरी गर्मी में चैन नहीं मिल रहा है।

सरकार लगातार बिजली व्यवस्था में सुधार होने का दावा करती है। इस समय उमस भरी गर्मी के चलते लोग बेहाल हैं। लोग बिना पंखा व कूलर के रह नहीं पा रहे हैं। जरा सा पंखा बंद होने पर पसीने से तर बतर हो जाते हैं। लोग एसी, कूलर, पंखा में बैठकर ही काम कर पा रहे हैं। उमस भरी गर्मी के चलते जहां बिजली की मांग बढ़ गई है। तो दूसरी ओर ट्रांसफार्मर ओवरलोड होने के चलते वोल्टेज भी सही नहीं मिल पा रहे हैं। इससे एक ओर फाल्ट भी बढ़ रहे हैं तो दूसरी ओर ट्रिपिंग की भी समस्या उत्पन्न हो गई है। लगभग एक सप्ताह से नगर की बिजली व्यवस्था आपूर्ति पटरी से उतरती दिख रही है। 24 घंटे में लोगों को मात्र 10 से 12 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। हालात यहां तक बदतर हैं कि जिन घरों में इंवर्टर लगे हैं वह तक चार्ज नहीं हो पा रहे हैं। बुधवार को बिजली घर में आयी खराबी के कारण बैठगंज फीडर लगभग चार से पांच घंटे बंद रहा है। इस फीडर के बंद होने से नगर का मुख्य बाजार व तहसील रोड और मोहल्ला बापूसाहब, काशीनाथ, गोविन्दश्वर, नारोभास्कर, चौधरयाना, बैठगंज, भवानीराम आदि की बिजली ठप रही। बिजली आपूर्ति प्रभावित होने से नगर की जलापूर्ति भी प्रभावित हो रही है। उधर, मोहल्लों में रात के समय बिजली की कटौली होने से लोग रात में भी सुकून की नींद नहीं ले पा रहे हैं। नगरवासी सतेंद्र कुमार, विनय, प्रदीप कुमार, दीपक, अजय, आशीष आदि ने जिलाधिकारी से उमस भरी गर्मी में जनहित में बिजली आपूर्ति दुरुस्त कराने की मांग की है।

## सार-संक्षेप

### पत्नी के न आने पर युवक ने दी जान

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के गोकुल का डेरा गांव में 30 वर्षीय युवक ने पत्नी के मायके से न आने पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। क्षेत्र के गोकुल का डेरा गांव निवासी राम लखन (30) पुत्र राज बहादुर निषाद ने बुधवार की दोपहर करीब 2 :30 बजे घर मे रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जब मृतक की मां छिदिया ने देखा तो पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक दो भाइयों में बड़ा भाई था और मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक की पत्नी करीब डेढ़ माह से मायके से नहीं आ रही थी। जिस वजह से वह घुमसुम रहता था। इस घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### बिजली गिरने से वृद्ध चरवाहे की मौत

**मौदहा (हमीरपुर)।** सिसोलर थाना क्षेत्र के बक्छा गांव में शाम करीब चार बजे आकाशीय बिजली गिरने से एक वृद्ध चरवाहा की मौत हो गई। वहीं उसकी बकरियां सुरक्षित बचकर निकल आई हैं। जानवर चराने वाले अन्य चरवाहों ने यह देख घटना की सूचना उसके परिजनों को दी। पुलिस को भी सूचना दी गई है। गांव प्रधान जगतपाल सिंह ने बताया कि चरवाहों की सूचना से पता चला कि गांव निवासी चुन्नू अहिरवार (65) अपनी बकरियां चराने गांव के केवटरा हार गया था। जहां आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौत हुई है। उधर मृतक चुन्नू के बड़े पुत्र वीरेंद्र वर्मा सहित ग्रामीण मौके पर पहुंच गए हैं। वीरेंद्र ने बताया पिता रोज की तरह बुधवार को भी गांव से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर बकरियां चरा रहे थे तभी शाम 4 :00 बजे बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने से उनकी मौत हुई है। वह पानी से बचाव के लिए एक पेड़ के पास पहुंचे थे और बकरियां गांव की ओर भाग आईं थी। मृतक के पिता के नाम पट्टे की कुछ भूमि है। वह मजदूरी करते हैं। बेटे ने कहा कि वह चार भाई हैं। बहनों की शादी हो चुकी है। उनके बाबा के नाम पट्टे की कुछ जमीन है।

### वसूली के आरोप में दो गिरफ्तार

**चित्रकूट।** कर्वी कोतवाली थाना क्षेत्र के सोनेपुर गांव में बुधवार को जगन्नाथ रथयात्रा के मेले में रेहड़ी पटरी वालों से वसूली के आरोप में पुलिस ने दो युवकों को पकड़ा है। बताया जाता है कि कोतवाली प्रभारी जब मेले में सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रख रहे थे कि इसी दौरान उनको यह जानकारी मिली। दोनों युवक अंदर वसूली में मस्त थे कि पुलिस ने दोनों को दबोच लिया।

### गंभीर धाराओं में चार पर एक लाख का जुर्माना

**कन्नौज।** मारपीट समेत गंभीर धाराओं में दोषी पाते हुए जिला जज ने चार अभियुक्तों को एक लाख रुपये से अधिक की धनराशि के जुर्माने से दंडित किया है। थाना तालग्राम में दर्ज मारपीट, गालीगलौज व धारदार हथियार से चोट पहुंचाने के मामले में धारा 323/325/324/308/504 भादवि के तहत अभियोग पंजीकृत हुआ था। मामला जिला जज की कोर्ट में विचाराधीन था। सुनवाई पूरी होने के बाद जिला जज ने दोषी पाये जाने पर श्याम सिंह व रजनेश पुत्रगण लक्ष्मी नारायण, राजीव पुत्र कालीचरण व कन्हैया उर्फ कन्हैई पुत्र लाल सिंह निवासीगण नगला छोटे थाना तालग्राम जनपद कन्नौज को 1,12,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

खरीफ अभियान | कृषक उत्पादक संगठनों के साथ जिलाधिकारी ने की बैठक

# मुनाफे के लिए प्याज की ज्यादा खेती करें किसान



जिला स्तरीय परियोजना प्रबंधन इकाई की बैठक लेते डीएम। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने कृषक उत्पादक संगठन से संबंधित जनपद स्तरीय परियोजना प्रबंधन इकाई की बैठक ली। उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी से खरीफ अभियान में प्याज का क्षेत्रफल बढ़ाने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा जिले में गठित कृषक उत्पादक संगठनों से प्रगतिशील किसानों की सूची लेकर उन्हें प्याज का बीज उपलब्ध कराया जाए। बैठक में उप कृषि निदेशक ने कृषक उत्पादक संगठनों को कारोबार के लिए अब तक उपलब्ध उर्वरक, बीज एवं रसायन के बारे में जानकारी दी। साथ ही लाइसेंस की प्रगति बताई। वहीं खरीफ आच्छादन की प्रगति के बारे में जानकारी दी।

जिलाधिकारी ने कृषक संगठनों के कारोबार करने के लिए जरूरी लाइसेंस की आवश्यकता के संबंध में आ रही बाधाओं को दूर करने के निर्देश दिए। कहा खरीफ आच्छादन बढ़ाने के लिए कृषि विभाग कुरारा, सुमेरपुर एवं मौदहा विकासखंड के किसानों को प्रेरित कर उन्हें राठ, सरीला, मुस्करा के किसानों की खेती का भ्रमण कराएं। बैठक में सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों सहित जनपद के 26 कृषक उत्पादक संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

### धान के लिए किसान परेशान

**सुमेरपुर :** मानसून आने के बाद बारिश का क्रम रुक जाने से धान की खेती करने वाले किसान परेशान है। नलकूपों के लिए महज 10 घंटे की विद्युत आपूर्ति ने किसानों को मानसिक रूप से परेशान कर दिया है। धान की नर्सरी तैयार होने के बाद बारिश के अभाव में किसान रोपाई नहीं कर पा रहा है। मानसून की दस्तक के बाद क्षेत्र में जोरदार बारिश के बाद खरीफ की फसलों की बुवाई का मार्ग प्रशस्त हो गया था, लेकिन बारिश के थमने से धान किसान मायूस है। पलरा के किसान नवीन यादव, विदोखर के किसान परशुराम, पाटनपुर के किसान छोटेलाल पाल, टेढ़ा के सौरभ सिंह, गोपी श्याम द्विवेदी, पारा रैपुरा बिहारी लाल प्रजापति, पंधरी के भज्जू सिंह आदि ने बताया कि बारिश न होने से धान की रोपाई थमी हुई है। निजी नलकूपों को 10 घंटे की विद्युत आपूर्ति का रोस्टर लागू होने से समस्या खड़ी हो रही है। लोकल फाल्ट आदि को लेकर बामुश्किल महज 8 घंटे की सप्लाई होने से किसान समय से धान की रोपाई नहीं कर पा रहा है। किसानों को मानसून की बारिश का इंतजार है। पर्याप्त बारिश के बाद ही धान की रोपाई में तेजी आएगी।

इंडियन बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) Indian Bank (A Govt. of India Undertaking)
इलाहाबाद ALLAHABAD

अंचल कार्यालय : तिंदवारी रोड, सेंट मैरी स्कूल के पास, बांदा, (उ. प्र.)– 210001
परिशिष्ट IV प्रतिभूति हित प्रर्वतन नियम 2002 के नियम 8(1) के अर्न्तगत
कब्जा नोटिस (अचल सम्पत्ति के लिए)

अधोहस्ताक्षरी द्वारा सिक्योरिटाइजेशन एण्ड रिकन्सट्रक्शन ऑफ फाइनेन्शियल एसेट्स एण्ड इफोरसमेंट आफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट के अंतर्गत इंडियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोरसमेन्ट) रूल्स 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) में प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए ऋणी को नीचे दी गई तिथि को डिमांड नोटिस जारी किया गया था जिसमें आगे यह कहा गया था कि उक्त नोटिस की प्राप्ति के 60 दिनो के भीतर बकाया ऋण राशि चुकता कर दी जाए। ऋणी द्वारा बकाया ऋण राशि चुकता न करने पर एतदद्वारा ऋणी एवं जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त नियम के नियम 8 के साथ पठित उपर्युक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित संपतियों का कब्जा ले लिया है। ऋणी को विशेष रूप से और जनसाधारण को सामान्य तौर पर सचेत किया जाता है कि इन संपतियों का सौदा न करें। इन संपतियों के बारे में किसी भी प्रकार का सौदा नीचे उल्लिखित राशि और ब्याज के लिए इंडियन बैंक (ई–इलाहाबाद बैंक), शाखा महोबा, जिला महोबा के प्रभार के अधीन होगा।
साथ ही ऋणी का ध्यान अधिनियम की धारा 13(8) की तरफ आकर्षित किया जाता है जो प्रतिभूति सम्पत्ति के मोचन के लिये उपलब्ध समय से सम्बन्धित है।

| क्र. सं. | ऋणी/बंधककर्ता/जमानतकर्ता नाम व पता | बंधक सम्पत्ति का विवरण (समस्त प्रकार की सम्पत्तियाँ) | डिमांड नोटिस की तिथि तक बकाया राशि / कब्जा तिथि तक बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| | शाखा: महोबा, जिला महोबा, मो. नं. 7007274658 | | |
| 1. | **ऋणी एवं बंधककर्ता:** मेसर्स बिहारी फूड कॉरपोरेशन, **व्यावसायिक पता:** मौजा – भटीपुरा, गाटा संख्या 456 एवं 459, महोबा उत्तर प्रदेश– 210424। **प्रोपराइटर एवं बंधककर्ता:** अंजली गुप्ता पत्नी नवीन कुमार गुप्ता, **निवासी** 15, तहसील रोड, छिपियाना पुरा, महोबा, उत्तर प्रदेश–210427 **जमानतकर्ता एवं बंधककर्ता:** नवीन कुमार गुप्ता उर्फ प्रमोद गुप्ता पुत्र बिहारी लाल गुप्ता, **निवासी** 18, छिपियाना पुरा, महोबा, उत्तर प्रदेश–210427 **जमानतकर्ता:** 1. प्रमोद कुमार गुप्ता पुत्र बिहारी लाल गुप्ता, **निवासी** 18, छिपियाना पुरा, महोबा, उत्तर प्रदेश – 210427 2. बेबी परवीन पुत्री अब्दुल मजीद, **निवासी:** नयापुरा नैकाना, महोबा, उत्तर प्रदेश–210427 | **संपत्ति संख्या 1.** भूमि एवं भवन जो मकान संख्या 236, (पुरानी संख्या–16), मोहल्ला–छिपयाना, वार्ड संख्या 15, महोबा में स्थित है। और जो नवीन कुमार गुप्ता पुत्र स्वर्गीय बिहारी लाल गुप्ता के नाम पर है। क्षेत्रफल 52.00 वर्ग मीटर **चौहद्दी:** पूर्व: प्रभा रानी का मकान, पश्चिम: दरवाजा एवं कुलिया, उत्तर: कुलिया, दक्षिण: शंकर लाल का मकान, **संपत्ति संख्या 2.** भूमि एवं फैक्ट्री भवन जो गाटा संख्या 456 एवं 459, मौजा–भटीपुरा, मोहल्ला–कल्याण नगर, वार्ड नं. 04, में स्थित है। जो मेसर्स बिहारी फूड कॉरपोरेशन के नाम पर है। और प्रोपराइटर श्रीमती अंजली गुप्ता पत्नी नवीन कुमार गुप्ता के द्वारा बंधक है। क्षेत्रफल 827.12 वर्ग मीटर **चौहद्दी:** पूर्व: प्लॉट यशोदा आदि एवं केशव, पश्चिम: सड़क 20 फीट, उत्तर: फील्ड, दक्षिण: सड़क 20 फीट, बंधक संपत्तियां:– मौजा–भटीपुरा, मोहल्ला–कल्याण नगर, वार्ड नं. 04, महोबा में गाटा संख्या 456 एवं 459 पर प्लांट साइट पर स्थापित अचल संपत्तियां, स्टॉक, प्लांट एवं मशीनरी, चल संपत्तियां | 07.03.2024 रूपये 72,47,327.00 + ब्याज एवं अन्य व्यय / 06.07.2024 रूपये 72,47,327.00 + ब्याज एवं अन्य व्यय |

दिनांक: 11.07.2024 स्थान: महोबा प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक

